नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**Question Booklet No.**

**No. of Questions – 18**

**No. of Printed Pages – 11**

**SS-84-Agriculture**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2026

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2026

## कृषि विज्ञान

## AGRICULTURE

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 56**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।
Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.
2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।
**All** the questions are compulsory.
3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
Write the answer to each question in the given answer-book only.
4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।
For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.
5) प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।
If there is any error/difference/contradiction in Hindi and English version of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.
6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
Write down the serial number of the question before attempting it.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

1. बहुविकल्पी प्रश्न निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए (i से xviii)।
Choose the correct answer from multiple choice questions and write in given answer book (i to xviii).

i) मृदा में उपस्थित मुख्य सूक्ष्मजीव है [½]
अ) सल्फर ब) जीवाणु
स) साइटोकाइनेसिस द) जिबरेलिन्स

The main microorganism present in the soil is
A) Sulfur B) Bacteria
C) Cytokinesis D) Gibberellins

ii) गोबर की खाद में नाइट्रोजन की प्रतिशत मात्रा होती है [½]
अ) 0.3 से 0.7 ब) 0.9 से 2.0
स) 2.1 से 2.9 द) 3.0 से 3.9

The percentage of nitrogen in farm yard manure is
A) 0.3 to 0.7 B) 0.9 to 2.0
C) 2.1 to 2.9 D) 3.0 to 3.9

iii) गेहूँ की फसल की जल माँग मिलीमीटर में होती है [½]
अ) 700-1300 ब) 500-800
स) 1500-2500 द) 450-650

The water demand of wheat crop in millimeters is
A) 700-1300 B) 500-800
C) 1500-2500 D) 450-650

iv) चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार का उदाहरण है [½]
अ) मोथा ब) दूब घास
स) बथुआ द) जंगली जई

An example of a broad-leaved weed is
A) Motha B) Doob grass
C) Bathua D) Wild oats

v) *जिया मेज एल.* वानस्पतिक नाम है [½]

अ) ज्वार ब) मक्का

स) बाजरा द) गेहूँ

*Zea mays L.* is a botanical name of

A) Sorghum B) Maize

C) Pearl millet D) Wheat

vi) शुष्क खेती हेतु दुर्गापुरा सफेद किस्म का सम्बन्ध है [½]

अ) ग्वार ब) अरहर

स) ज्वार द) मोठ

Durgapura white variety for dry farming is related to

A) Guar B) Pigeon pea

C) Sorghum D) Moth bean

vii) विटामिन डी की कमी से होने वाला रोग है [½]

अ) बेरी–बेरी ब) स्कर्वी

स) रिकेट्स द) पेलेग्रा

The disease caused by deficiency of Vitamin D is

A) Beri-Beri B) Scurvy

C) Rickets D) Pellagra

viii) आम के 100 ग्राम फल के खाने योग्य भाग में विटामिन सी की मात्रा पाई जाती है [½]

अ) 10 मिग्रा ब) 13 मिग्रा

स) 30 मिग्रा द) 35 मिग्रा

The amount of Vitamin C found in 100 grams of edible part of mango fruit is

A) 10 mg B) 13 mg

C) 30 mg D) 35 mg

ix) बेर में प्रवर्द्धन हेतु अपनाई जाने वाली विधि का नाम है [½]

अ) चिप कलिकायन ब) पैबन्द कलिकायन

स) शिखर रोपण द) शील्ड कलिकायन

The names of the method adapted for propagation of ber is

A) Chip budding B) Patch budding

C) Top working D) Shield budding

x) बड़े आकार के फल वृक्ष लगाने हेतु गड्ढे का आकार रखा जाता है [½]

अ) 50 × 50 × 50 सेमी | ब) 75 × 75 × 75 सेमी
स) 1 × 1 × 1 मी | द) 25 × 25 × 25 सेमी

The size of the pit for planting big fruit trees is kept as

A) 50 × 50 × 50 cm | B) 75 × 75 × 75 cm
C) 1 × 1 × 1 m | D) 25 × 25 × 25 cm

xi) दशहरी किस्म है [½]

अ) बेर | ब) आम
स) पपीता | द) केला

Dasheri is a variety of

A) Ber | B) Mango
C) Papaya | D) Banana

xii) तैयार जैम में कुल घुलनशील ठोस पदार्थ की मात्रा की जाँच की जाती है [½]

अ) लैक्टोमीटर | ब) ब्यूटाइरोमीटर
स) रेफ्रेक्टोमीटर | द) जेलीमीटर

The total soluble solids content of the prepared jam is checked by

A) Lactometer | B) Butyrometer
C) Refractometer | D) Jellymeter

xiii) निम्नलिखित में से गाय की द्विकाजी नस्ल है [½]

अ) गिर | ब) राठी
स) सिन्धी | द) हरियाणा

Which of the following is a dual purpose breed of cow ?

A) Gir | B) Rathi
C) Sindhi | D) Haryana

xiv) भदावरी भैंस के दूध में वसा प्रतिशत मात्रा होती है [½]

अ) 12 – 14 | ब) 7 – 9
स) 4 – 5 | द) 6 – 7

The percentage of fat in the milk of Bhadawari buffalo is

A) 12 – 14 | B) 7 – 9
C) 4 – 5 | D) 6 – 7

xv) *बेसीलस एन्थ्रेसिस* जीवाणु द्वारा फैलने वाला रोग है [½]

अ) पशुप्लेग ब) जहरबाद

स) एन्थ्रेक्स द) खुरपका मुँहपका रोग

The disease caused by *Bacillus anthracis* bacteria is

A) Rinderpest B) Black quarter

C) Anthrax D) Foot and mouth disease

xvi) वह रोग जिसके कारण पशु के अमन व थन प्रभावित होते हैं [½]

अ) सर्रा ब) थनैला

स) टिक फीवर द) फड़किया रोग

The disease which affects the udder and teats of an animal

A) Surra B) Mastitis

C) Tick fever D) Enterotoxemia

xvii) भारत का विश्व दुग्ध उत्पादन में प्रतिशत हिस्सा है [½]

अ) 14.5 ब) 16.5

स) 18.5 द) 19.5

India's percent share in world milk production is

A) 14.5 B) 16.5

C) 18.5 D) 19.5

xviii) राष्ट्रीय परम्परागत कृषि मिशन की शुरुआत हुयी [½]

अ) वर्ष 2015-16 ब) वर्ष 2017-18

स) वर्ष 2005-06 द) वर्ष 2011-12

National mission on traditional agriculture was launched in the

A) Year 2015-16 B) Year 2017-18

C) Year 2005-06 D) Year 2011-12

**2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

Fill in the blanks :

i) ''ऑर्गेनिक फार्मिंग'' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम ________ नामक वैज्ञानिक द्वारा किया गया था । [½]

The term "organic farming" was first used by a scientist named ______.

ii) बीज बोने से पहले भूमि पर की जाने वाली क्रियाओं को ________ भूपरिष्करण कहते हैं । [½]

The operations done on the soil before sowing the seeds are called ________ tillage.

iii) जीरे में ________ से ________ प्रतिशत वाष्पशील तेल पाया जाता है । [½]

________ to ________ percent volatile oil is found in cumin.

iv) वर्षा का नहीं होना या बहुत कम मात्रा में होना ________ कहलाता है । [½]

The absence of rain or its very small amount is called ________.

v) आम ________ कुल का पौधा है । [½]

Mango is a plant of the ________ family.

vi) सोडियम बेन्जोएट रसायन का उपयोग फल परिरक्षण में ________ पदार्थ के रूप में किया जाता है । [½]

Sodium benzoate chemical is used as a ________ in fruit preservation.

vii) सामान्यतया पशु आवास की लम्बाई की दिशा ________ से ________ दिशा में होनी चाहिए । [½]

Generally, the direction of length of the cattle shed should be from ________ to ________ direction.

viii) वैचूर नस्ल को ________ गाय के नाम से भी जाना जाता है । [½]

Vechur breed is also known as ________ cow.

ix) गलघोंटू रोग में पशु को ________ °F तक तेज बुखार हो जाता है । [½]

In haemorrhagic septicaemia disease the animal suffers from high fever upto ________ °F.

x) एक भारतीय गाय का औसतन एक वर्ष का दुग्ध उत्पादन ________ कि. ग्रा. है । [½]

The average milk production of an Indian cow in one year is ________kg.

**3.** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न : (निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द अथवा **एक** पंक्ति में लिखिए ।)
Very Short Answer Type Questions : (Write answer the following questions in **one** word or **one** line.)

i) बीजों की अंकुरण प्रतिशतता ज्ञात करने का सूत्र लिखिए । **[1]**

Write the formula to find the germination percentage of seeds.

ii) जैव उर्वरक का कोई एक उदाहरण लिखिए । **[1]**

Write any one example of biofertilizer.

iii) मिश्रित फसल का कोई एक उदाहरण लिखिए । **[1]**

Write any one example of mixed cropping.

iv) फसल चक्र का कोई एक सिद्धान्त लिखिए । **[1]**

Write any one principle of crop rotation.

v) धनिया का वानस्पतिक नाम लिखिए । **[1]**

Write the botanical name of coriander.

vi) डब्ल्यू. एच. ओ. की अनुशंसा के आधार पर प्रति व्यक्ति को कम से कम कितने ग्राम फलों का प्रतिदिन सेवन करना चाहिए ? **[1]**

Based on W. H. O. recommendation, how many grams of fruits should a person consume at least per day ?

vii) पैबन्द कलिकायन का चित्र बनाइए । **[1]**

Draw a diagram of patch budding.

viii) पपीता का उद्गम स्थल लिखिए । **[1]**

Write the origin place of papaya.

ix) ''अवलेह'' (जैली) तैयार करने हेतु किन्हीं दो उपयुक्त फलों के नाम लिखिए । **[1]**

Write the names of any two suitable fruits for preparing "Jelly".

x) राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड का मुख्यालय कहाँ स्थित है ? **[1]**

Where is the headquarters of National Dairy Development Board located ?

## खण्ड – ब

## SECTION – B

लघूत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर सीमा लगभग **50** शब्द ।)

Short Answer Type Questions : (Answer word limit approximately **50** words.)

**4.** मृदा के जलीय क्षरण के कोई तीन प्रकार लिखिए । **[3×½=1½]**
Write any three types of water erosion of soil.

**5.** वर्मीकम्पोष्ट के कोई तीन लाभ लिखिए । **[3×½=1½]**
Write any three advantages of vermicompost.

**6.** बूँद-बूँद सिंचाई विधि के कोई तीन लाभ लिखिए । **[3×½=1½]**
Write any three advantages of drip irrigation method.

**7.** खरपतवार नियंत्रण की कोई तीन सस्य विधियों के नाम लिखिए । **[3×½=1½]**
Write the names of any three agronomical methods of weed control.

**8.** ग्राफ्टिंग को परिभाषित कीजिए तथा वीनियर ग्राफ्टिंग का चित्र बनाइए । **[1+½=1½]**
Define grafting and draw a diagram of Veneer grafting.

**9.** पशु आवास प्रबन्धन के कोई तीन बिन्दु लिखिए । **[3×½=1½]**
Write any three points of management of animal housing.

**10.** गाय की ''मालवी'' नस्ल का उत्पत्ति स्थान एवं कोई दो विशेषताएँ लिखिए । **[½+1=1½]**
Write the place of origin and any two characteristics of "Malvi" breed of cow.

**11.** स्वस्थ पशु के कोई तीन सामान्य लक्षण लिखिए । **[3×½=1½]**
Write any three general characters of healthy animal.

**12.** टिक फीवर रोग की रोकथाम एवं उपचार के कोई तीन उपाय लिखिए । **[3×½=1½]**
Write any three measures of prevention and treatment of tick fever disease.

**13.** पशुओं में एफ. एम. डी. वेक्सीन लगाने की आयु, मात्रा एवं स्थान लिखिए । **[3×½=1½]**
Write the age, quantity and place of administering F. M. D. vaccine to animals.

## खण्ड – स

## SECTION – C

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : (उत्तर सीमा लगभग **100** शब्द ।)
Long Answer Type Questions : (Answer word limit approximately **100** words.)

**14.** निम्नलिखित पादप वृद्धि नियन्त्रकों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **[1½×2=3]**

i) ऑक्सिन
ii) जिबरेलिन्स ।

Write a short note on the following plant growth regulators.

i) Auxin
ii) Gibberellins.

**अथवा**/OR

निम्नलिखित पादप वृद्धि नियन्त्रकों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

i) साइटोकाइनिन्स
ii) इथाइलीन ।

Write a short note on the following plant growth regulators.

i) Cytokinins
ii) Ethylene.

**15.** ''फलपाक'' तैयार करने की विधि का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए । **[3]**
Describe in detail the method of preparing of "Jam".

**अथवा**/OR

''टमाटर का सॉस'' तैयार करने की विधि का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए ।
Describe in detail the method of preparing of "tomato sauce".

**16.** भेड़ की ''चौकला'' नस्ल का उत्पत्ति स्थल एवं वितरण, विशेषताएँ व उपयोगिता लिखिए ।**[3×1=3]**
Write the place of origin and distribution, characteristics and utility of "chokla" breed of sheep.

**अथवा**/OR

भेड़ की ''मेरिनो'' नस्ल का उत्पत्ति स्थल एवं वितरण, विशेषताएँ व उपयोगिता लिखिए ।
Write the place of origin and distribution, characteristics and utility of "Merino" breed of sheep.

## खण्ड – द

## SECTION – D

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **200** शब्द ।)
Long Answer Type Questions : (Answer word limit approximately **200** words.)

**17.** मूँगफली की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए । **[4×1=4]**

i) जलवायु

ii) बीज दर एवं बीजोपचार

iii) चार उन्नतशील किस्में

iv) पादप संरक्षण ।

Describe the scientific cultivation of ground nut crop on the basis of following points.

i) Climate

ii) Seed rate and seed treatment

iii) Four improved varieties

iv) Plant protection.

**अथवा**/OR

आलू की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए ।

i) जलवायु

ii) बीज दर एवं बीजोपचार

iii) चार उन्नतशील किस्में

iv) पादप संरक्षण ।

Describe the scientific cultivation of potato crop on the basis of following points.

i) Climate

ii) Seed rate and seed treatment

iii) Four improved varieties

iv) Plant protection.

**18.** केले की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए । **[4×1=4]**

i) भूमि एवं जलवायु

ii) चार उन्नतशील किस्में

iii) पौधे लगाने की विधि

iv) कीट एवं व्याधियाँ ।

Describe the scientific cultivation of Banana on the basis of following points.

i) Soil and climate

ii) Four improved varieties

iii) Planting method

iv) Pest and disease.

**अथवा**/OR

अनार की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए ।

i) भूमि एवं जलवायु

ii) चार उन्नतशील किस्में

iii) पौधे लगाने की विधि

iv) कीट एवं व्याधियाँ ।

Describe the scientific cultivation of pomegranate on the basis of following points.

i) Soil and climate

ii) Four improved varieties

iii) Planting method

iv) Pest and disease.

DO NOT WRITE ANYTHING HERE